
प्रेस नोट–2026 / 36 दिनांक 14 जुलाई 2026

प्रेस विज्ञप्ति

# एसआईआर के पहले चरण के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी

– ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल हुए 71,33,785 मतदाता
– फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र देना होगा अनिवार्य
– प्रदेश में मतदान केंद्रों की संख्या 11733 से बढ़कर हुई 12543




देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण पूर्ण होने के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची का दिनांक 14 जुलाई 2026 को प्रकाशन कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने मंगलवार को मीडिया सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के प्रथम चरण पूर्ण होने के बाद प्रदेश में 71,33,785 मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपादित की जा रही है। प्रदेश में 8 जून से 7 जुलाई तक गणना पत्रों के वितरण और डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में 11733 मतदान केंद्रों के सापेक्ष वर्तमान में मतदान केंद्रों की संख्या 12543 हो गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि

आयोग द्वारा मतदाता को 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 के बीच फार्म 6,7 और 8 पर दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक नोटिस की अवधि एवं दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितंबर 2026 को किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल 71,33,785 मतदाताओं में से लगभग 19 लाख मतदाताओं में विभिन्न प्रकार की विसंगति प्राप्त हुई जिन्हें सम्बंधित ईआरओ/एईआरओ द्वारा नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नोटिस की सुनावाई के लिए न्याय पंचायत स्तर पर कल्सटर में कैंम्प लगाए जाएंगे, इसके साथ ही मैदानी क्षेत्र के मतदाताओं की सुविधा के लिए तहसील के अतरिक्त नगर निगम,नगर पंचायत और वार्ड लेवल पर कैंप लगाने के भी निर्देश डीईओ/ईआरओ को दिए गए हैं।

## फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र देना अनिवार्य

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि ऐसे नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है वे फार्म 6 भरकर अपने नाम दर्ज करवाने हेतु ऑफलाइन मोड में अपने सम्बंधित बीएलओ से और ऑनलाइन मोड में ईसीआईनेट ऐप के जरिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही फार्म 7 आरै 8 के जरिए नाम हटवाने और नाम में सुधार किया जा सकता है। वर्तमान में फार्म6 और 8 के साथ एनेक्चर 4 भरना अनिवार्य है।

| निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य दस्तावेजों की सूची |
|---|
| 1. किसी भी केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को जारी कोई भी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश। |
| 2. 01.07.1987 से पूर्व भारत में सरकार/स्थानीय प्राधिकारी/बैंक/डाकघर/एलआईसी/पीएसयू द्वारा जारी कोई भी पहचान पत्र/प्रमाण पत्र/दस्तावेज। |
| 3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र। |
| 4. पासपोर्ट। |
| 5. मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/शैक्षिक प्रमाण पत्र। |
| 6. सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र। |
| 7. वन अधिकार प्रमाण पत्र। |
| 8. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या किसी भी जाति का प्रमाण पत्र। |
| 9. राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ कहीं अस्तित्व में हो)। |
| 10. राज्य/स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर। |
| 11. सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र। |
| 12. आधार के संबंध में, आयोग के निर्देश, पत्र संख्या 23/2025–ERS/Vol-II दिनांक 09.09.2025 के माध्यम से जारी, लागू होंगे। |




# PRESS CONFERENCE

## REG. SPECIAL INTENSIVE REVISION (SIR-2026 )

## DATE : 14-07-2026 AT 3:00 PM

## Venue :- MEDIA CENTER

# SPECIAL INTENSIVE REVISION (SIR-2026 )

**Publication of Draft Electoral Roll**

**14-07-2026**

**Period for Filling claim & objections**

**14-07-2026 to 13-08-2026**

**Notice phase**

**14-07-2026 to 11-09-2026**

Disposal of claim & objections.

**14-07-2026 to 11-09-2026**


Publication of Final Electoral Roll.

15-09-2026

# SPECIAL INTENSIVE REVISION (SIR-2026 )

## Total Voters

**71,33,785**



# SPECIAL INTENSIVE REVISION (SIR-2026 )

## Uttarakhand Elector All Districts as Draft Roll

| S.No. | District Name | Male | Female | Third Gender | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Haridwar | 664795 | 581323 | 101 | 1246219 |
| 2 | Nainital | 361533 | 331781 | 11 | 693325 |
| 3 | Almora | 246337 | 225596 | 5 | 471938 |
| 4 | Udham Singh Nagar | 606826 | 548817 | 29 | 1155672 |
| 5 | Pithoragarh | 174190 | 167304 | 3 | 341497 |
| 6 | Bageshwar | 103273 | 97646 | 0 | 200919 |
| 7 | Champawat | 99449 | 89474 | 1 | 188924 |
| 8 | Chamoli | 139995 | 132191 | 1 | 272187 |
| 9 | Uttarkashi | 116993 | 107423 | 1 | 224417 |
| 10 | Rudraprayag | 91268 | 89518 | 0 | 180786 |
| 11 | Tehri Garhwal | 241352 | 222272 | 4 | 463628 |
| 12 | Pauri Garhwal | 262254 | 241205 | 9 | 503468 |
| 13 | Dehradun | 615349 | 575404 | 52 | 1190805 |
| **Total** | | **3723614** | **3409954** | **217** | **7133785** |

# SPECIAL INTENSIVE REVISION (SIR-2026 )

## District wise ASDD Electors Details

| S. No. | District Name | Total Electors | EFs Digitized | EFs Digitized % | Total Uncollectable (ASDD) | Total Uncollectable % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Uttarkashi | 242822 | 224417 | 92.42 | 18405 | 7.58 |
| 2 | Chamoli | 295623 | 272187 | 92.07 | 23436 | 7.93 |
| 3 | Rudraprayag | 191595 | 180786 | 94.36 | 10809 | 5.64 |
| 4 | Tehri Garhwal | 507253 | 463628 | 91.40 | 43625 | 8.60 |
| 5 | Dehradun | 1376813 | 1190805 | 86.49 | 186008 | 13.51 |
| 6 | Haridwar | 1376422 | 1246219 | 90.54 | 130203 | 9.46 |
| 7 | Pauri Garhwal | 554827 | 503468 | 90.74 | 51359 | 9.26 |
| 8 | Pithoragarh | 368933 | 341497 | 92.56 | 27436 | 7.44 |
| 9 | Bageshwar | 213929 | 200919 | 93.92 | 13010 | 6.08 |
| 10 | Almora | 527423 | 471938 | 89.48 | 55485 | 10.52 |
| 11 | Champawat | 206642 | 188924 | 91.43 | 17718 | 8.57 |
| 12 | Nainital | 765135 | 693325 | 90.61 | 71810 | 9.39 |
| 13 | U.S.Nagar | 1333345 | 1155672 | 86.67 | 177673 | 13.33 |
| Total | | 7960762 | 7133785 | 89.61 | 826977 | 10.39 |

# SPECIAL INTENSIVE REVISION (SIR-2026 )

## District-wise SERVICE Electors Details

| SR.No | District Name | Male | Female | Total Count |
|---|---|---|---|---|
| 1 | HARIDWAR | 2132 | 129 | 2261 |
| 2 | NAINITAL | 4754 | 257 | 5011 |
| 3 | ALMORA | 6143 | 201 | 6344 |
| 4 | UDHAM SINGH NAGAR | 5180 | 341 | 5521 |
| 5 | PITHORAGARH | 12607 | 409 | 13016 |
| 6 | BAGESHWAR | 3881 | 101 | 3982 |
| 7 | CHAMPAWAT | 2910 | 123 | 3033 |
| 8 | CHAMOLI | 9565 | 171 | 9736 |
| 9 | UTTARKASHI | 3218 | 65 | 3283 |
| 10 | RUDRAPRAYAG | 4949 | 51 | 5000 |
| 11 | TEHRI GARHWAL | 5223 | 85 | 5308 |
| 12 | PAURI GARHWAL | 14320 | 249 | 14569 |
| 13 | DEHRADUN | 8887 | 482 | 9369 |
| | Total | 83769 | 2664 | 86433 |

# District-wise Anomalies: Electors Details

| AC No. & Name | Total Electors | Total Anomalies found buy System | % of Anomalies |
|---|---|---|---|
| 1- Uttarkashi | 224417 | 55976 | 25 |
| 2-Chamoli | 272187 | 52246 | 19 |
| 3-Rudraprayag | 180786 | 42469 | 23 |
| 4-Tehri Garhwal | 463628 | 104402 | 23 |
| 5-Dehradun | 1190805 | 395868 | 33 |
| 6-Haridwar | 1246219 | 390312 | 31 |
| 7-Pauri Garhwal | 503468 | 105945 | 21 |
| 8-Pithoragarh. | 341497 | 70065 | 21 |
| 9-Bageshwar | 200919 | 40998 | 20 |
| 10-Almora | 471938 | 77566 | 16 |
| 11-Champawat | 188924 | 44315 | 23 |
| 12-Nainital | 693325 | 188054 | 27 |
| 13-U.S. Nagar | 1155672 | 336164 | 29 |
| Total- | 7133785 | 1904380 | 27 |

# विशेष गहन पुनरीक्षण –2026

## मतदाताओं की श्रेणी, जिन्हें नोटिस जारी किए जाऐगें :-

1. अनमैप्ड इलेक्टर,
2. मैप्ड इलेक्टर, किन्तु कोई विसंगति है,
3. फार्म–6, 7, 8 पर प्राप्त दावे/आपत्तियां

# विशेष गहन पुनरीक्षण –2026

यह केवल सांकेतिक रणनीति/कार्ययोजना है, ईसीआई नेट में नोटिस जनरेट करने की सुविधा उपलब्ध होने की तिथि के अनुरूप परिवर्तनीय होगी

1. नोटिसों की बूथवार पीडीएफ जनरेट करना 16.07.2026 तक
2. नोटिसों की प्रिन्टिंग करना 20.07.2026 तक
3. नोटिसों का वितरण/तामीली करना 25.07.2026 से 17.08.2026 तक
4. चरणवद्ध रूप से नोटिसों की सुनवाई/निस्तारण 24.08.2026 तक
5. फार्म–6,7 एवं 8 एवं तद् विषयक नोटिसों का निस्तारण 31.08.2026 तक

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

# विशेष गहन पुनरीक्षण –2026

उत्तराखण्ड राज्य

## ❖ विसंगतियों (**Anomalies**) के प्रकार :-

1. मतदाता एवं उसके माता–पिता के बीच आयु का अन्तर **<15**
2. मतदाता एवं उसके माता–पिता के बीच आयु का अन्तर **>50**
3. मतदाता एवं उसके दादा–दादी/नाना–नानी के बीच आयु का अन्तर <40
4. दो भाई या भाई–बहन के बीच आयु का अन्तर <9 माह
5. एक ही मतदाता के साथ प्रोजनी के रूप में >6
6. मतदाता के सम्बन्धी के नाम में कोई विसंगति (सेल्फ/प्रोजनी)
7. मतदाता के स्वयं के नाम में कोई विसंगति
8. लास्ट एस.आई.आर. की मतदाता सूची में अनमैप्ड

# विशेष गहन पुनरीक्षण –2026

## डॉक्यूमेंटस की सांकेतिक (सम्पूर्ण नहीं) सूचीः–

### 1

किसी भी केन्द्र सरकार/राज्य सरकार /पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के नियमित कर्मचारी/ पेंशनभोगी को जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश।

### 2

01.07.1987 से पहले भारत में, सरकार, स्थानीय प्राधिकरणों, बैंकों, डाकघर, एलआईसी, पीएसयू द्वारा जारी कोई भी पहचान पत्र, प्रमाण पत्र या डॉक्यूमेंट।

### 3 & 4

- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।
- पासपोर्ट

### 5 & 6

- मान्यता प्राप्त बोर्डों, विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन, शैक्षिक प्रमाण पत्र।
- सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र।

### 7 & 8

- वन अधिकार प्रमाण पत्र।
- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओ.बी.सी. या एस.सी. या एस.टी. या कोई भी जाति प्रमाण पत्र।

### 9

राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ भी यह मौजूद हो)

### 10

किसी भी विधिक या, प्रशासनिक विनियम के तहत सरकारी अधिकारियों द्वारा रखा गया परिवार रजिस्टर

### 11

सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र।

### 12

आधार के लिए, आयोग के पत्र संख्या–23/2025-ERS/Vol-II दिनांक 09.09.2025 (एनेक्सर–II) के माध्यम से जारी किए गए निर्देश, लागू होंगें।

# THANK YOU

“No Eligible Voter to be left Behind”